मतदाता पुनरीक्षण में 12.40 लाख वोटरों की संख्या बढ़ी

निर्वाचन विभाग

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राज्य में मतदाता पुनरीक्षण का अंतिम प्रारूप शुक्रवार को जारी कर दिया गया। पुनरीक्षण के बाद राज्य में 12 लाख 40 हजार 798 मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। अब राज्य में सात करोड़ 18 लाख 22 हजार 450 मतदाता हो गए हैं। पुरुष और महिला मतदाताओं के बीच 40 लाख का अंतर है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 72,723 मदतान केन्द्रों समेत निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है।

तीन करोड़ 79 लाख 12 हजार 127 हैं पुरुष मतदाता : नई निर्वाचक सूची के अनुसार राज्य में तीन करोड़ 79 लाख 12 हजार 127 पुरुष मतदाता और तीन करोड़ 39 लाख सात हजार 979 महिला वोटर हैं। तीसरे लिंग की 2,344 वोटर हैं। प्रारूप प्रकाशित निर्वाचक सूची में लिंगानुपात 892 था और अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में 894 हो गया। नई सूची में 18-19 आयु वर्ग के सात लाख 14 हजार 488 वोटर हैं, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटरों की संख्या 13,03,543 है। सेवा मतदाताओं की संख्या एक लाख 58 हजार 901 है।